मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 07/10/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 284/2024
7 अक्टूबर 2024
स्मार्ट सिटी परिसर, रांची
==================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने रांची स्मार्ट सिटी परिसर में 300 से ज्यादा बिस्तरों की क्षमता वाले अपोलो मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल की रखी आधारशिला
===================

◆ मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत इस्लाम नगर शहरी आवासीय परियोजना, रांची का किया ऑनलाइन उद्घाटन, 291 लाभुकों को नवनिर्मित आवास की सौंपी चाबी
==================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा- राज्य की जनता को अत्याधुनिक एवं विश्व विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए उठा रहे ठोस कदम
===================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा-बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तक हर व्यक्ति की पहुंच हो, सरकार कर रही काम
===================

● राज्य के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

● बेहतर प्रबंधन के बल पर कोरोना महामारी से निपटने में हुए कामयाब

● राज्य में स्वास्थ्य और अन्य सभी क्षेत्रों में बेहतर सेवा देने वालों को सरकार करेगी पूरा सहयोग

श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड

राज्य के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।इसके लिए निरंतर प्रयास हो रहा है। इसी क्रम में आज एक ओर स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ रहा है तो दूसरी तरफ लोगों के अपना आवास होने का सपना पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज रांची स्मार्ट सिटी परिसर में 300 बिस्तर से ज्यादा क्षमता वाले मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखते हुए अपने संबोधन में ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, (शहरी) अंतर्गत इस्लाम नगर शहरी आवासीय परियोजना, रांची के लाभुकों को नवनिर्मित आवास की चाबी सौंपकर उनके अपने आशियाना होने के सपने को साकार किया।

कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया के स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया के स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। खासकर, झारखंड जैसे पिछड़े और गरीब राज्य में अस्पतालों चिकित्सकों और दवाओ समेत अन्य चिकित्सीय सुविधाओं की कितनी कमी है, यह मालूम हुआ। लेकिन, हमारी सरकार ने इस महामारी की वजह से उत्पन्न चुनौतियों के बीच बेहतर प्रबंधन के बल पर कोरोना पर जीत प्राप्त की। इसी के पास हमारी सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया। ताकि, अपने राज्य की जनता को बेहतर और विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा सकें।

विश्व स्तरीय संस्थानों की सेवा लेने का प्रयास जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य समेत अन्य सभी क्षेत्रों में वैसे विश्व स्तरीय संस्थानों की सेवा लेने का प्रयास कर रहे हैं, जिनकी पूरी दुनिया में बेहतरीन सेवा देने के लिए अलग पहचान है। निजी क्षेत्र की भागीदारी से राज्य में चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। अपोलो हॉस्पिटल का शिलान्यास इस राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे पहले अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा यहां विश्व स्तरीय चिकित्सा संस्थान संस्थान कई और संस्थान एक ही परिसर में खोले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल खोलने वालों को सरकार पूरा सहयोग करेगी।

स्वास्थ्य सुविधाओं में तेजी से हो रहा है विस्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है।चिकित्सा सेवा प्रणाली में जो कमियां है, उसे दूर किया जा रहा है। बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तक हर व्यक्ति की पहुंच सुगम बनाने को लेकर हमारी सरकार काम कर रही है। यहां के गरीब लोगों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़े, इसी बात को ध्यान में रखकर विश्व स्तरीय आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था और सुविधा उपलब्ध करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि बड़े अस्पतालों में महंगा इलाज से उन्हें निजात मिल सके।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता, नगर विकास मंत्री श्री हफीजुल हसन, राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी, विकास आयुक्त श्रीद अविनाश कुमार, प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार, निदेशक सूडा श्री अमित कुमार, प्रशासक नगर निगम श्री संदीप कुमार सिंह और अपोलो हॉस्पिटल ग्रुप की एक्सक्यूटिव वाइस चेयरमैन डॉ प्रीता रेड्डी प्रमुख रूप से मौजूद थीं।

###

==========================

TeamPRD(CMO)